# रजत जयंती समारोह

## एक्सेसिबल और इक्विटेबल इंटरवेंशन फॉर पर्सन विद इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटी विषय पर अंतरराष्ट्रीय कौंफ्रेंस का आयोजन

**25 अगस्त 2023**

राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड) सेक्टर 31 ने अपने रजत जयंती समारोह के अवसर शुक्रवार को एक्सेसिबल एंड इक्विटेबल इंटरवेंशन फॉर पर्सन विद इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटी विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया। इस कांफ्रेंस में देश-विदेश के करीब 110 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कॉन्फ्रेंस का आयोजन एकेडमिक ब्लॉक, जीएमसी, सेक्टर 32 में किया गया था।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंडीगढ़ के डिप्टी कमिश्नर श्री विजय प्रताप सिंह थे। श्री सिंह ने बौद्धिक दिव्यांगता क्षेत्र में व्यापक सेवाएं प्रदान करने के लिए ग्रिड की सराहना की। द्वीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि, जीएमसीएच 32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान की निदेशक डॉ जसविंदर कौर, संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण, कोर्स कोआर्डिनेटर डॉ रवि केएम, प्रशासनिक अधिकारी जसपाल शर्मा, डॉ करुप्पसामी ने किया। राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान सिकंदराबाद के पूर्व उपनिदेशक डॉ जयंती नारायण मुख्य वक्ता थीं। उन्होंने दिव्यांगता की विभिन्न चुनौतियां और उसके समाधानों पर प्रकाश डाला ।

सिंगापुर के सेगी विश्वविद्यालय के प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ प्रोफेसर कन्नामा मार्टिन और नॉर्थंप्टन यूनिवर्सिटी, यूके के प्रोफेसर रिचर्ड रोज ने अपनी ऑनलाइन प्रस्तुतियां दी।

राष्ट्रीय बहुदिव्यांगता जन सशक्तिकरण संस्थान एवं राष्ट्रीय दृष्टिबाधित दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान, देहरादून के पूर्व निदेशक डॉ हिमांशु दास, डॉ रीना जैन सुश्री रूबी आदि ने अपनी प्रस्तुति दी।

इस कांफ्रेंस में डॉ सपना नंदा, डॉक्टर स्नेह बंसल, डॉ डेजी ज़राबी, डॉ विशाल गुगलानी, डॉ रितु नेहरा, वंदना सिंह एवं ग्रिड के अन्य अधिकारी और कर्मी भी उपस्थित रहे।

# बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों के लिए सुलभ और न्यायसंगत हस्तक्षेप पर हुई कॉन्फ्रेंस



चंडीगढ़ | सिल्वर जुबली सेलिब्रेशंस के अंतर्गत गवर्नमेंट रिहैब्लिटेशन इंस्टीट्यूट फॉर इंटलेक्चुअल डिसएबिलिटीज (ग्रिड) ने जीएमसीएच-32 की 7वीं मंजिल के ब्लॉक ई ऑडिटोरियम में बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों के लिए सुलभ और न्यायसंगत हस्तक्षेप पर एक दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित की। चंडीगढ़ के डिप्टी कमीशनर विनय प्रताप सिंह चीफ गेस्ट थे। इस मौके पर जीएमसीएच-32 की डायरेक्टर प्रिंसिपल और डायरेक्टर ग्रिड डॉ. जसबिंदर कौर, ग्रिड की जॉइंट डायरेक्टर डॉ. प्रीति अरुण सहित अन्य अफसर भी मौजूद रहे। नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एंपावरमेंट ऑफ पर्संस विद इंटलेक्चुअल डिसएबिलिटी की पूर्व डिप्टी डायरेक्टर डॉ. जयंति नारायण कीनोट स्पीकर थीं। उन्होंने डिसएबिलिटी के विभिन्न संघर्षों और समाधानों पर बात की।

# व्यापक सेवा प्रदान करने पर ग्रिड की सराहना

**जागरण संवाददाता, चंडीगढ़ :** राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड) सेक्टर-31 ने अपने रजत जयंती समारोह के अवसर पर शुक्रवार को एक्सेसिबल एंड इक्विटेबल इंटरवेंशन फार पर्सन विद इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटी विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया। इस कांफ्रेंस में देश-विदेश के करीब 110 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कांफ्रेंस का आयोजन एकेडमिक ब्लाक जीएमसीएच-32 में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी कमिश्नर विनय प्रताप सिंह रहे। उन्होंने बौद्धिक दिव्यांगता क्षेत्र में व्यापक सेवाएं प्रदान करने के लिए ग्रिड की सराहना की। द्वीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि जीएमसीएच-32 की डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान की निदेशक डा. जसविंदर कौर, संयुक्त निदेशक डा. प्रीति अरुण, कोर्स कोआर्डिनेटर डा. रवि केएम, प्रशासनिक अधिकारी जसपाल शर्मा, डा. करुप्पसामी ने किया। राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तीकरण संस्थान सिकंदराबाद के पूर्व उपनिदेशक डा. जयंती नारायण मुख्य वक्ता थीं। सिंगापुर के सेगी विश्वविद्यालय के प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ प्रोफेसर कन्नामा मार्टिन और नार्थंप्टन यूनिवर्सिटी यूके के प्रोफेसर रिचर्ड रोज ने अपनी आनलाइन प्रस्तुतियां दी। राष्ट्रीय बहुदिव्यांगता जन सशक्तीकरण संस्थान एवं राष्ट्रीय दृष्टिबाधित दिव्यांगजन सशक्तीकरण संस्थान देहरादून के पूर्व निदेशक डा. हिमांशु दास, डा. रीना जैन रूबी ने प्रस्तुति दी। इस कांफ्रेंस में डा. सपना नंदा, डा. स्नेह बंसल, डा. डेजी जराबी, डा. विशाल गुगलानी, डा. रितु नेहरा, वंदना सिंह मौजूद रहे।



सेक्टर-31 ग्रिड में रजत जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस के दौरान उपस्थित डीसी विनय प्रताप सिंह, जीएमसीएच-32 की डायरेक्टर प्रिंसिपल डा. जसबिंदर कौर और अधिकारी उपस्थित रहे ● स्वतः

# एक्सेसिबल और इक्विटेबल इंटरवेंशन फॉर पर्सन विषय पर अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस आयोजित



**चंडीगढ़।** राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड) सेक्टर 31 ने अपने रजत जयंती समारोह के अवसर शुक्रवार को एक्सेसिबल एंड इक्विटेबल इंटरवेंशन फॉर पर्सन विद इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटी विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया। इस कांफ्रेंस में देश-विदेश के करीब 110 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कॉन्फ्रेंस का आयोजन एकेडमिक ब्लॉक, जीएमसी, सेक्टर 32 में किया गया था।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंडीगढ़ के डिप्टी कमिश्नर श्री विजय प्रताप सिंह थे। श्री सिंह ने बौद्धिक दिव्यांगता क्षेत्र में व्यापक सेवाएं प्रदान करने के लिए ग्रिड की सराहना की। द्वीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि, जीएमसीएच 32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान की निदेशक डॉ जसविंदर कौर, संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण, कोर्स कोआर्डिनेटर डॉ रवि केएम, प्रशासनिक अधिकारी जसपाल शर्मा, डॉ करुप्पसामी ने किया। राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान सिकंदराबाद के पूर्व उपनिदेशक डॉ जयंती नारायण मुख्य वक्ता थीं। उन्होंने दिव्यांगता की विभिन्न चुनौतियां और उसके समाधानों पर प्रकाश डाला।

सिंगापुर के सेगी यूनिवर्सिटी के प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ प्रोफेसर कन्नामा मार्टिन और नॉर्थप्टन यूनिवर्सिटी, यूके के प्रोफेसर रिचर्ड रोज ने अपनी ऑनलाइन प्रस्तुतियां दी। राष्ट्रीय बहुदिव्यांगता जन सशक्तिकरण संस्थान एवं राष्ट्रीय दृष्टिबाधित दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान, देहरादून के पूर्व निदेशक डॉ हिमांशु दास, डॉ रीना जैन रूबी आदि ने अपनी प्रस्तुति दी। इस कांफ्रेंस में डॉ. सपना नंदा, डॉक्टर स्नेह बंसल, डॉ. डेजी ज़राबी, डॉ विशाल गुगलानी, डॉ रितु नेहरा, वंदना सिंह एवं ग्रिड के अन्य अधिकारी और कर्मी भी उपस्थित रहे।



दर्शकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चंडीगढ़ के डिप्टी कमिश्नर श्री विनय प्रताप सिंह।




कॉन्फ्रेंस में उपस्थित गणमान्य लोग



गणमान्य व्यक्तियों की प्रस्तुति का अनुश्रवण करते हुए  श्रोतागण।